समाचार

प्रधानमंत्री आवास योजना

# महापौर ने 199 हितग्राहियों को प्रदान किया आवासगृह स्वीकृति व भवन अनुज्ञा पत्र

## (प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत निगम क्षेत्र में ''मोर जमीन–मोर मकान '' बी.एल.सी. घटक अंतर्गत वर्तमान में 2232 हितग्राहियों को स्वीकृत हुए आवासगृह)




कोरबा 19 दिसम्बर 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज निगम कार्यालय साकेत में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 '' मोर जमीन–मोरी मकान '' बी.एल.सी. घटक के 199 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र एवं भवन निर्माण अनुमति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर सभापति श्री नूतन सिह ठाकुर, एम.आई.सी. सदस्य धनकुमारी गर्ग, अजय गोंड़, फिरतराम साहू, पार्षद पंकज देवांगन, रूबीदेवी सागर, धनश्रीअजय साहू, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता व नोडल अधिकारी सुरेश बरूआ उपस्थित थे। महापौर श्रीमती राजपूत एवं सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर ने

हितग्राहियों को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा समयसीमा में मकानों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर निर्माण कार्य पूर्ण करने की सलाह हितग्राहियों को दी।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत '' मोर जमीन–मोर मकान '' बी.एल.सी. घटक अंतर्गत नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वर्तमान में 2232 नए हितग्राहियों को आवासगृहों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभा कक्ष में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने 199 हितग्राहियों को आवासगृहों के स्वीकृति पत्र व भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र प्रदान किया। इसके पूर्व विगत 12 दिसम्बर को 127 हितग्राहियों को आवासगृह स्वीकृति व भवन अनुज्ञा पत्र महापौर श्रीमती राजपूत के द्वारा हितग्राहियों को प्रदान किए गए थे। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने हितग्राहियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को दिल से साधुवाद है कि उन्होने समाज के सभी वर्ग के लोगों के साथ–साथ विशेष रूप से गरीब, निर्धन व आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोगों के उत्थान के लिए, उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के परिणाम स्वरूप देश के करोड़ों लोगों को पक्के मकान मिल चुके हैं तथा करोड़ों लोगों को आगे भी पक्के व सर्वसुविधायुक्त मकान मिलेंगे, जिससे देश का कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं रहेगा, जिसके पास अपना खुद का पक्का मकान न हों। महापौर श्रीमती राजपूत ने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सत्ता की बागडोर संभालते ही छत्तीसगढ़ के 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति दी थी, उन्हें साधुवाद है कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के अंतर्गत 32850 रूपये की अतिरिक्त राशि ऐसे हितग्राहियों को दी जा रही है, जिनके द्वारा 18 माह के अंदर भवन का निर्माण कार्य पूरा किया जावेगा। उन्होने हितग्राहियों से कहा कि आपके वार्ड पार्षद व निगम के अधिकारी आपका पूरा सहयोग करेंगे, आप समय–समय पर अपनी समस्याएं उन्हें अवश्य बताएं।

**मकान निर्माण हेतु मिलेंगे ढाई लाख रूपये** – प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत हितग्राहियों को आवासगृह निर्माण हेतु शासन से 02 लाख 50 हजार रूपये की राशि प्राप्त होगी, जो चार किश्तों में दी जाएगी, प्रथम किश्त में 63 हजार रूपये, द्वितीय किश्त में 87 हजार रूपये, तृतीय किश्त में 65 हजार रूपये एवं चतुर्थ किश्त में 35 हजार रूपये की राशि हितग्राहियों को प्राप्त होगी, इसके अतिरिक्त 18 माह के अंदर उनके द्वारा आवासगृह का निर्माण पूर्ण कर लेने पर छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजनांतर्गत 32850 रूपये की अतिरिक्त राशि भी हितग्राहियों को मिलेगी।

इस अवसर पर निगम के सभापति श्री नूतन सिह ठाकुर, एम.आई.सी. सदस्य धनकुमारी गर्ग, अजय गोंड़, फिरतराम साहू, पार्षद पंकज देवांगन, रूबीदेवी सागर, धनश्रीअजय साहू, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता व नोडल अधिकारी सुरेश बरूआ के साथ ही सहायक नोडल अधिकारी रूचि साहू, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, प्रधानमंत्री आवास योजना के सी.एल.टी.सी. धवल शर्मा, हर्ष छत्रवाणी, अंकुश पाटकर, अमन शर्मा, पी.एम.सी.टीम लीडर शशिकांत साहू, प्रभात धीमर, हनीफ खान आदि के साथ हितग्राहीगण व अन्य लोग उपस्थित थे।